मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्ष: 7 अंक 192
मंगलवार, 28 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in


## आईआईटी करने वालों को नहीं मिल रही नौकरी, दलित और पिछड़ों को बनाया जा रहा गुलामः राहुल गांधी

**महू, 27 जनवरी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा नेता राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश के महू में 'जय बापू, जय भीम, जय संविधान' रैली के दौरान भारत में निजीकरण पर निशाना साधा और आम लोगों को होने वाले नुकसान गिनाए। उन्होंने पूछा कि जब आईआईटी और आईआईएम के छात्रों को रोजगार नहीं मिल रहा है तो दूसरों को नौकरी कैसे मिलेगी। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने पूछा कि लोग निजी अस्पतालों में इलाज कराते हैं और अपने बच्चों को निजी स्कूल-कॉलेजों में भेजते हैं लेकिन इस निजीकरण का मालिक कौन है? लोकसभा नेता प्रतिपक्ष ने भारतीय शिक्षा प्रणाली पर जोर दिया और कहा कि इसे एक स्टांप प्रणाली में बदल दिया गया है जहां माता-पिता प्रमाणन प्राप्त करने के लिए करोड़ों रुपये खर्च करते हैं।



गांधी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य प्रणाली के निजीकरण का मालिक कौन है? भारतीय शिक्षा प्रणाली स्टांप की प्रणाली है, प्रमाणन की प्रणाली है। करोड़ों लोग सोचते हैं कि ऐसे प्रमाणन के बाद, अरबपतियों को लाखों रुपये देने के बाद उनके बच्चों को रोजगार मिलेगा। यह सफेद झूठ है। आपके बच्चों को इस देश में रोजगार नहीं मिल सकता, चाहे वे कुछ भी कर लें। अरबपतियों ने देश की रोजगार व्यवस्था को नष्ट कर दिया है। आजादी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर थी क्योंकि उसके बाद पहली बार हिंदुस्तान के दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और गरीबों को संविधान द्वारा अधिकार मिले। मगर, मोहन भागवत कहते हैं कि वो सच्ची आजादी नहीं थी - वो इसलिए क्योंकि बीजेपी और आरएसएस भारत के संविधान को नहीं मानते। वो बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीन कर उन्हें फिर से गुलाम बनाना चाहते हैं। मोहन भागवत ने कुछ दिन पहले संविधान का अपमान किया। उनके मुताबिक देश को जो आजादी मिली, वो सच्ची आजादी नहीं थी। इसका मतलब है कि मोहन भागवत संविधान को नहीं मानते हैं।

उन्होंने बाबा साहेब अंबेडकर जी, संविधान का अपमान किया है। कांग्रेस के बब्बर शेरों का काम संविधान की रक्षा करना है। बीजेपी आरएसएस के लोग जहां भी संविधान का अपमान करते हुए दिखें, वहां उन्हें चट्टान की तरह खड़ा होना है। मैं उन सभी कार्यकताओं को धन्यवाद देता हूं, जो हमारी विचारधारा और संविधान के लिए लड़ते हैं।

## स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार में आमने-सामने की टक्कर से दो लोगों की मौत, पांच घायल

**भदोही (उत्तर प्रदेश)।** भदोही जिले के औराई थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर सोमवार की दोपहर तेज गति से गुजर रही स्कॉर्पियो और स्विफ्ट कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में चालक समेत दो लोगों की मौत हो गयी और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, हादसे में स्विफ्ट कार के चालक और एक अन्य दीपक पोड़ीवाल (40) की मौत हो गयी। चालक की उम्र 45 वर्ष के आसपास आंकी गयी है, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पायी।



यह हादसा सोमवार दोपहर को भदोही-वाराणसी सीमा के निकट गुड़िया गांव के पास तब हुआ जब स्कॉर्पियो पर सवार चंदौली जिले के मुगलसराय निवासी अमित तिवारी उर्फ गोलू तिवारी, वर्तिका मिश्रा और तमन्ना मिश्रा वाराणसी की तरफ जा रहे थे। दूसरी तरफ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा के चार श्रद्धालु स्विफ्ट कार से वाराणसी से प्रयागराज जा रहे थे जिनमें चालक के अलावा दीपक, अजय और शिवा शामिल थे। औराई थाना के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अंजनी कुमार राय ने बताया कि गुड़िया गांव के पास तेज गति से गुजर रही स्कॉर्पियो के चलाक ने अचानक दूसरी लेन में घुसकर सीधे स्विफ्ट कार को सामने से भीषण टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही छिंदवाड़ा निवासी कार चालक (नाम पता अज्ञात) की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि दीपक, अजय और शिवा को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र ले जाया गया जहां से उन सभी को बाद में वाराणसी के लिए रेफर किया गया पर रास्ते में दीपक की भी मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि अजय और शिवा की हालत गंभीर है, लेकिन स्कॉर्पियो सवार सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है।

उन्होंने बताया कि स्कॉर्पियो सवार अमित,वर्तिका और तमन्ना को पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## सीएम सिद्धारमैया की पत्नी को ईडी का नोटिस, 28 जनवरी को होना होगा पेश

**कर्नाटक, 27 जनवरी।** ईडी ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बीएम को एमयूडीए भूमि आवंटन घोटाले के सिलसिले में मंगलवार को उसके सामने पेश होने के लिए बुलाया। प्रवर्तन निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक, मुरलीकन्नन ने उन्हें सबूत और रिकॉर्ड जमा करने के लिए लिखा है। मुरलीक्कन्नन ने कहा कि वह धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पीएमएलए के तहत जांच या कार्यवाही के संबंध में सबूत देने और रिकॉर्ड पेश करने के लिए पार्वती की उपस्थिति को आवश्यक मानते हैं।




एमयूडीए साइट आवंटन मामले में यह आरोप लगाया गया है कि सिद्धारमैया की पत्नी को मैसूर के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक साइटें आवंटित की गईं, जिनकी संपत्ति का मूल्य उनकी भूमि के स्थान की तुलना में अधिक था, जिसे मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा ₹अधिग्रहीत₹ किया गया था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे, जहां इसने एक आवासीय लेआउट विकसित किया था। विवादास्पद योजना के तहत, एमयूडीए ने आवासीय लेआउट बनाने के लिए भूमि खोने वालों से अर्जित अविकसित भूमि के बदले में विकसित भूमि का 50 प्रतिशत आवंटित किया। आरोप है कि मैसूरु तालुक के कसाबा होबली के कसारे गांव की सर्वेक्षण संख्या 464 की 3.16 एकड़ जमीन पर पार्वती का कोई कानूनी अधिकार नहीं था। इस मामले की जांच लोकायुक्त के साथ-साथ ईडी भी कर रही है।

## करियप्पा परेड मैदान में एनसीसी रैली को पीएम मोदी ने किया संबोधित

### भारत के युवाओं को बताया फोर्स फॉर ग्लोबल गुड

**नई दिल्ली, 27 जनवरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज राष्ट्रीय राजधानी के करियप्पा परेड मैदान में वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आप सभी को एनसीसी दिवस के अवसर पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं। आज यहां हमारे बीच 18 मित्र देशों के भी करीब 150 कैडेट्स भी मौजूद हैं, मैं इन सभी कैडेट्स का भी स्वागत करता हूं। गणतंत्र दिवस की परेड में सेलेक्ट होना अपने आप में ही उपलब्धि है। इस बार की परेड इसलिए भी खास थी क्योंकि हमारे गणतंत्र ने 75 साल पूरे किए हैं। 75 वर्षों के गणतंत्र में भारत के संविधान ने हर समय देश को लोकतांत्रिक प्रेरणा दी,



नागरिक कर्तव्यों का महत्व समझाया। इसी तरह एनसीसी ने भी हर समय भारत के नौजवानों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा दी और उन्हें अनुशासन का महत्व समझाया।

पीएम मोदी ने कहा कि आप 21वीं सदी में भारत के विकास को, दुनिया के विकास को निर्धारित करने वाले हैं। भारत के युवा सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि फोर्स फॉर ग्लोबल गुड्स हैं। आज दुनिया इस बात को मान रही है।

कोई भी व्यक्ति हो, या देश... उसका सामर्थ्य तब बढ़ता है, जब वह अनावश्यक बाधाओं से पार पा लेता है।

मुझे संतोष है कि भारत में युवाओं के सामने रहीं अनेक बाधाओं को बीते 10 वर्षों में हमने हटाने का काम किया है। इससे युवाओं का सामर्थ्य बढ़ा है, देश का सामर्थ्य बढ़ा है। इस अमृतकाल में हमें अपना एक ही लक्ष्य रखना है- विकसित भारत। हमारे हर निर्णय की कसौटी, हर हर कार्य की कसौटी विकसित भारत ही होनी चाहिए। इसके लिए हमें अपने पंच प्राणों को हमेशा याद रखना है।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सड़क हादसे में दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर फतेहाबाद थाना इलाके में हुए एक सड़क हादसे में दंपति और दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गयी।

पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान ओमप्रकाश (42), उनकी पत्नी पूर्णिमा सिंह (34), बेटी अहाना (12) और बेटे विनायक (चार) के रूप में हुई है। उसने बताया कि ओमप्रकाश रविवार रात को अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कुंभ स्नान करके लौट रहे थे तभी आधी रात करीब साढ़े बारह बजे थाना फतेहाबाद इलाके में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

## ठाणे जिले में विवाह समारोह में जा रही बस पलटी, 10 लोग घायल



**ठाणे, 27 जनवरी।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मुंबई-नासिक मार्ग पर एक निजी मिनी बस के पलट जाने से उसमें सवार 10 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना रविवार की सुबह करीब नौ बजे कसारा घाट पर उस समय हुई जब बस में करीब 20 लोग सवार होकर मुंबई के कफ परेड से नासिक के सिन्नर में एक विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

कसारा पुलिस थाने के निरीक्षक सुरेश गावित ने बताया कि चिंतामनवाड़ी मोड़ पर चालक ने बस पर से नियंत्रण खो दिया, जिसके कारण वह पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में 10 लोग घायल हो गए, जिन्हें शाहपुर और अन्य शहरों पर स्थित निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया। इनमें से चार लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें उपचार के लिए मुंबई के सरकारी जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

## निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने निकाला तिरंगा यात्रा

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन, उत्तर प्रदेश की जनपद शाखा वाराणसी द्वारा निजीकरण के विरोध में तिरंगा यात्रा निकाला गया। यात्रा का शुभारंभ भेलूपुर उपेंद्र वाराणसी से समय मध्यान्ह 12:00 बजे हुआ। तिरंगा यात्रा में वाराणसी जनपद के समस्त सदस्य द्वारा प्रतिभाग किया गया। यात्रा में सदस्यों द्वारा तिरंगा झंडा एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण बंद करो के आह्वान की तख्तियां लेते हुए प्रतिभागी किया गया। तिरंगा यात्रा कमच्छा रोड भेलूपुर, सिगरा चौराहा, सिगरा होते हुए भारत माता मंदिर काशी विद्यापीठ वाराणसी तक पहुंचा। यात्रा के दौरान वाराणसी क्षेत्र के स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का सराहना करते हुए समर्थन एवं सहयोग प्रदान किया गया। यात्रा के दौरान प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस एवं मीडिया द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान हुआ, जिसकी राज्य विद्युत परिषद जूनियर



इंजीनियर संगठन हार्दिक आभार ज्ञापित करता है।

यात्रा बिल्कुल शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। यात्रा का समापन भारत माता मंदिर पर पुष्प अर्पित करते हुए सभी सदस्यों द्वारा संविधान एवं उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के नियमों के दायरे में नियमानुसार कार्य करने का संकल्प लेकर किया गया। यात्रा का समापन हुआ। इस तिरंगा यात्रा में केंद्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं अवधेश यादव,केंद्रीय उपमहासचिव इं दीपक गुप्ता , पूर्वांचल सचिव इं नीरज बिंद, इं पंकज जयसवाल,इं ज्योति भास्कर सिंहा, इं मनीष राय, इं पुष्कर उपाध्याय, इं सतीश बिंद, इं प्रमोद कुमार, इं रवि चौरसिया, इं गुलाबचंद प्रजापति, इं अभिषेक मौर्य, इं दीनदयाल कुमार, इं शिवजीत यादव, ई लालब्रत प्रजापति, इं रेनू मौर्या, इं दीपा मौर्या, ई दीपू प्रजापति, ई केपी बैजू , ई जाकिर अली, ई सुखदेव स्वरूप रस्तोगी, ई कल्लू राम यादव कुमार आदि समस्त सदस्य उपस्थित रहे।






## क्या गंगा में स्नान करने से गरीबी खत्म होगी, भाजपा वाले कैमरे के समक्ष डुबकी लगा रहे हैंः मल्लिकार्जुन खरगे

**मऊ (मध्य प्रदेश), 27 जनवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पूछा कि क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी समाप्त हो जाएगी? उन्होंने कटाक्ष किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं में कैमरे के समक्ष डुबकी लगाने की होड़ मची है। मध्य प्रदेश के इस शहर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि भाजपा नेता तब तक डुबकी लगाते रहते हैं जब तक कि यह कैमरे पर अच्छा न लगे



(अच्छी तरह से फिल्माया न जा सके)। हालांकि उन्होंने जोर दिया कि वह यह कहकर किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी को उनकी टिप्पणी से ठेस पहुंची हो तो वह इसके लिए माफी मांगते हैं। खरगे ने कहा, (नरेन्द्र) मोदी के झूठे वादों के जाल में मत फंसिए। क्या गंगा में डुबकी लगाने से गरीबी खत्म हो जाती है? क्या इससे आपका पेट भर जाता है? मैं किसी की आस्था पर सवाल नहीं उठाना चाहता। अगर किसी को बुरा लगा हो तो मैं माफी मांगता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, लेकिन मुझे बताइए, जब एक बच्चा भूख से मर रहा है, स्कूल नहीं जा रहा है, मजदूरों को उनका हक नहीं मिल रहा है, ऐसे समय में ये लोग हजारों रुपये खर्च कर रहे हैं और (गंगा में) डुबकी लगाने की होड़ में लगे हैं। उन्होंने कहा कि वे तब तक डुबकी लगाते रहते हैं जब तक कि यह कैमरे पर अच्छा न दिखने लगे। खरगे ने कहा, ऐसे लोग देश का भला नहीं कर सकते। हमारी आस्था भगवान में है - लोग हर दिन घर में पूजा करते हैं, सभी महिलाएं पूजा करने के बाद अपने घरों से बाहर निकलती हैं, इसमें कोई मुद्दा नहीं है। लेकिन हमें धर्म के नाम पर गरीबों के शोषण से समस्या है।

शाह द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के कुछ घंटों बाद कांग्रेस प्रमुख की यह टिप्पणी आई। कुछ शीर्ष संतों के साथ शाह ने दोपहर करीब एक बजे डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अलग से डुबकी लगाई। गृह मंत्री ने जूनापीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि जी महाराज और कुछ अन्य शीर्ष संतों के साथ बातचीत भी की।




# जेएनपीए ने देशभक्ति और वीरता के सम्मान के साथ मनाया 76वां गणतंत्र दिवस





**मुंबई(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** भारत के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करनेवाले पत्तन - जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण द्वारा 26 जनवरी 2025 को पूर्ण उत्साह और गर्व के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जनेप प्राधिकरण के अध्यक्ष और वाढवण पत्तन परियोजना लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक उन्मेष शरद वाघ (भा.रा.से.) उपस्थित थे। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि के आगमन के साथ हुई, जिन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराया, जिसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात सीआईएसएफ - जनेप प्राधिकरण इकाई के अनुशासन और प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए परेड का मुख्य अतिथि ने निरीक्षण किया। गणतंत्र दिवस संबोधन में जनेप प्राधिकरण के अध्यक्ष और वाढवण पत्तन परियोजना लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक उन्मेष शरद वाघ (भा.रा.से.) ने कहा, ह्इस गणतंत्र दिवस पर हम अपने लोकतांत्रिक मूल्यों, एकता और सेवा की अथक भावना की शक्ती का उत्सव मनाते हैं। यह हमारी प्रगति को प्रतिबिंबित करने का क्षण है। वैश्विक मंच पर भारत की वृद्धि में योगदान देने के लिए हम,(जनेप प्राधिकरण), प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में हमें पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल का स्वागत करने का सम्मान मिला। जिन्होंने जनेप प्राधिकरण में कई परिवर्तनकारी परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जो हमारे बुनियादी ढांचे और क्षमता को और मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा, ह्जैसा कि मैंने अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण के दौरान उल्लेख किया था, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ एक नए विद्यालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हाल ही में, हमें इस स्कूल के शिलान्यास समारोह को देखने का सौभाग्य मिला, जिसका संचालन स्वयं मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने किया था। यह स्कूल भविष्य के लिए शिक्षा के प्रकाश स्तंभ के रूप में काम करेगा, जो अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर कल के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

इस कार्यक्रम में 18 दिसंबर 2024 को एक नाव पर यात्रियों की जान बचाने वाले नौ जनेप प्राधिकरण और सीआईएसएफ कर्मियों को उनकी बहादुरी और निस्वार्थता पर प्रकाश डालते हुए सम्मानित किया गया। इसके बाद सीआईएसएफ - जनेप प्राधिकरण इकाई द्वारा श्वान दस्ते का रोमांचक प्रदर्शन और राइफल शूटिंग कौशल का प्रदर्शन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। इस राष्ट्रीय पर्व की भावना को साझा करते हुए जनेप प्राधिकरण स्कूलों के छात्रों ने भारत की समृद्ध विरासत और विविधता का उत्सव मनाते हुए जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। जनेप प्राधिकरण के गणतंत्र दिवस समारोह ने राष्ट्रीय सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया और साहस, अखंडता और समर्पण के मूल्यों को बनाए रखने वाले व्यक्तियों के प्रयासों की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया। उक्त आशय की जानकारी जनेप की वरिष्ठ प्रबंधक (विपणन) अंबिका सिंह द्वारा मीडियाकर्मियों को साझा की गई है।

## बाल विद्या निकेतन हिन्दी हाई स्कूल स्थापना दिवस पर विद्यार्थियों ने बिखेरा अपनी प्रतिभा का जादू



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** प्रगति शिक्षण सेवा संघ द्वारा संचालित बाल विद्या निकेतन हिन्दी हाई स्कूल का 27 वां स्थापना दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ कामतघर स्थित गजानन संकुल के पास ग्राउंड में संपन्न किया गया। बताते कि प्रगति शिक्षण सेवा संघ के संस्थापक/अध्यक्ष आर. के. सरोज अपनी कुशलता से शिक्षा की 27 वर्ष पहले जो वृक्ष लगाया था आज वह वट वृक्ष का रुप धारण लिया। इस वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करते हुये अनेकों प्रकार के सांस्कृतिक नृत्य, गीत, जागरुकता संदेश से विद्यार्थियों, अभिभावकों के साथ अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर खूब तालियां बटोरी। मुख्य अतिथियों में भिवंडी पश्चिम के विधायक महेश चौगुले, मनोज मोतीराम काटेकर, वंदना काटेकर, परेश चौगुले, विराज पवार, नितेश एंकर, ललिता आरगेकर, उल्हास आरगेकर, अशोक सिंह, लालधारी यादव, बसंत यादव, सुशील कनौजिया, डा.परेश जाधव, मिलिंद पारेहेकर, दीपक सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के संस्थापक/अध्यक्ष आर के सरोज के मार्गदर्शन में उपाध्यक्ष आर बी सरोज, बालविद्या निकेतन हाई स्कूल के प्रिंसिपल मनोजकुमार आर सरोज, बालविद्या निकेतन हिन्दी विद्यालय के प्रिंसिपल धर्मेंद्र आर सरोज के साथ बाल विद्या निकेतन एवं वी टी के इंग्लिश स्कूल के समस्त शिक्षकों का योगदान रहा है।

## गेटवे ऑफ इंडिया पर जश्न-ए-हिंदुस्तान का भव्य आयोजन संपन्न

**मुंबई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर जश्न-ए-हिंदुस्तान का आयोजन किया गया। इस खास सांस्कृतिक कार्यक्रम में उर्दू शायरी, गजल गायन और सूफी संगीत का अनोखा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र सरकार के अल्पसंख्यक विकास विभाग और महाराष्ट्र राज्य उर्दू साहित्य अकादमी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5:30 बजे हुई। अल्पसंख्यक विकास विभाग के सचिव श्री रुचेश जयवंशी, भा.प्र.से., मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में उर्दू भाषा और साहित्य को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, उर्दू भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा है। ऐसे आयोजनों से इसकी परंपरा और भी मजबूत होती है। कार्यक्रम में खेल, युवा कल्याण, अल्पसंख्यक विकास और औकाफ मंत्री श्री दत्तात्रय भरणे स्वयं उपस्थित नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने अपनी शुभकामनाएं और संदेश वीडियो कॉल के माध्यम से साझा किया, जिसे सभी उपस्थितों के लिए स्क्रीन पर प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में दर्शकों ने हर प्रस्तुति का गर्मजोशी से स्वागत किया। शायर मोनिका सिंह, शाहिद लतीफ, सिराज सोलापुरी, डॉ. कमर सुरूर फारूकी, और नैम फराज ने अपनी शायरी से दिल जीत लिया। गजल गायक सिराज अहमद खान ने अपने सुरों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, वहीं मशहूर सूफी गायक सलमान अली ने अपने गायन से माहौल को आध्यात्मिक बना दिया। इस आयोजन का संचालन डॉ. कासिम इमाम ने बड़े प्रभावी ढंग से किया। उन्होंने शायरी और गजल की हर प्रस्तुति को खूबसूरती से जोड़ा, जिससे पूरा कार्यक्रम और भी यादगार बन गया।

## इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग में चेन्नई सिंगम्स के लिए दहाड़ने के लिए तैयार मुंबई के लड़कों का परिचय

**मुंबई।** पिछले साल के सेमीफाइनलिस्ट, चेन्नई सिंगम्स, ISPL-2 खिताब के लिए तैयार हैं। मुंबई के नालासोपारा क्षेत्र के बाएं हाथ के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज, कप्तान सुमीत ढेकाले के नेतृत्व में, टीम प्रभाव छोड़ने के लिए दृढ़ है। पिछले सीजन में अपने प्रदर्शन से असंतुष्ट होने के बाद कप्तान इस सीजन में सुधार करने के लिए उत्सुक हैं। स्पोर्ट्स शॉप के मालिक ढेकाले ने कहा, हमैंने पिछले वर्ष में बहुत अधिक रन नहीं बनाए थे, और मैं इस बार इसकी भरपाई करना चाहता हूं और खिताब जीतना चाहता हूं। टीम में प्रशांत घरात, राहुल सावंत, शुभम सांगले, वेदांत मायेकर और छक्के मारने वाले केतन म्हात्रे भी शामिल हैं, जो मुंबई के लड़कों की लाइनअप को पूरा करते हैं, जिन्होंने गलियों में खेलने के अपने सपने को स्टेडियम की 22-यार्ड पिच पर टिकट पाने के लिए साकार किया है। सीजन 2 को लेकर कप्तान सुमीत ढेकाले ने टीम के सह-मालिक राजदीप गुप्ता को श्रेय दिया, जिनके बारे में उनका मानना है कि क्रिकेट के प्रति उनके जुनून से टीम को प्रेरणा मिलती है। हसिंगम्स को जो बात अलग बनाती है, वह है उनका पेशेवर रवैया और सह-मालिक राजदीप गुप्ता की अगुवाई में टीम प्रबंधन खेल को समझता है। टाइम्स शील्ड ए डिवीजन में उनकी एक टीम रूट मोबाइल भी है, जिसके लिए मैं भी खेलता हूं,ह ढेकाले ने कहा, जिन्होंने दोनों संस्करणों में एमसीए-मुंबई प्रीमियर लीग टी20 में भी भाग लिया था।

## वीईसीवी ने बैद्यनाथ एलएनजी के साथ समझौता

**मुंबई।** वोल्वो ग्रुप और आयशर मोटर्स के बीच के संयुक्त उद्यम वीई कमर्शियल व्हीकल्स लिमिटेड ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दौरान बैद्यनाथ एलएनजी के साथ एक पक्का समझौता किया है। इस समझौते के तहत बैद्यनाथ एलएनजी प्राइवेट लिमिटेड और आयशर साथ मिलकर 500 आयशर प्रो 6055 एलएनजी ट्रक विकसित करेंगे। यह समझौता नागपुर में 26 अगस्त 2024 को बैद्यनाथ एलएनजी स्टेशन के उद्घाटन पर हस्ताक्षरित हुए प्रारंभिक समझौते की ही अगली कड़ी है, जिसमें माननीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने आयशर प्रो 6055 एलएनजी ट्रक्स की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई थी। इस समझौते के तहत देशभर में एलएनजी ट्रक्स के इकोसिस्टम को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए देशभर में ग्राहकों को एलएनजी ट्रक्स प्रदान किए जाएंगे, वहीं इन ट्रकों की सेवा के लिए टेक्निशियन को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और मध्यभारत में एलएनजी ईंधन के नेटवर्क को भी सशक्त किया जाएगा। यह समझौता भारत में लंबी दूरी के परिवहन के क्षेत्र में स्वच्छ ईंधन विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए दोनों कंपनियों का एक साझा प्रयास है। वीईसीवी के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ श्री विनोद अग्रवाल ने कहा कि, यह संयुक्त समझौता वीईसीवी के स्वच्छ और बेहतर प्रदर्शन के ईंधन को आगे तक ले जाने के हमारे अडिग समर्पण को दशार्ता है।

## चित्रकार श्री वासुदेव कामत, भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से हुए सम्मानित



**तारकेश्वर पांडेय**

**मीरा भाईंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भाईंदर काशिमिरा साईकृपा कॉम्प्लेक्स के रहिवासी ज्येष्ठ चित्रकार माननीय श्री वासुदेव कामत को भारत सरकार की ओर से पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

उनके स्वागत के लिए भारतीय जनता पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित रहे राष्ट्रीय महासचिव माननीय विनोद तावडे, भाईंदर शहर के आमदार माननीय श्री नरेंद्र मेहता, भारतीय जनता पार्टी के मीरा भाईंदर शहर के जिल्हाध्यक्ष माननीय श्री किशोर शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के जिल्हा संगठन महामंत्री अनिल भोसले, मा, महापौर श्रीमती ज्योत्स्ना हसणाळे, मा, नगरसेविका श्रीमती मिरा देवी यादव, मा.नगरसेवक सचिन म्हात्रे, भारतीय जनता पार्टी काशिमिरा मंडळ अध्यक्ष माननीय अनिल ताटे, मंडळ महासचिव संजय साळवे, युवा मंडळ अध्यक्ष मंगेश मुळे, के साथ-साथ प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

## उत्तर भारत सेवा समिति द्वारा बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस




**पालघर(उत्तरशक्ति)।** उत्तर भारत सेवा समिति की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत अमेया पार्क में स्थित समिति कार्यालय में 26 जनवरी 2025 को सुबह 10.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर बड़े धूमधाम के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के तौर पधारे सरावली ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच व उत्तर भारत सेवा समिति के अध्यक्ष गणेश ठाकुर के हाथों झंडा फहरा कर की गई। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। वहीं समिति द्वारा उपस्थित सभी मान्यवरों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर सभी जनों का मुंह मीठा कराते हुए एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उत्तर भारत सेवा समिति अध्यक्ष गणेश महादेव सिंह ठाकुर, कार्याध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष शिवशंकर यादव, उपाध्यक्ष सुरेश दुबे, महासचिव सुभाष पाण्डेय, संगठन मंत्री प्रदीप सिंह, मंत्री विजय शंकर तिवारी, सहकोषाध्यक्ष रामनरेश यादव, सदस्य कपिलदेव मिश्र, विशेष अतिथियों में केसीएन क्लब संरक्षक एडवोकेट शोभनाथ त्रिपाठी, लोक कल्याण संस्था अध्यक्ष पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य स्वामीनाथ पाण्डेय, बोईसर-पालघर पत्रकार संघ अध्यक्ष रामप्रकाश निराला, भाजपा नेता आर बी सिंह, उद्योजक यशपाल सिंह, मनोज राय, रविशंकर राय, विजेन्द्र मणि पाण्डेय, दिग्विजय मिश्र, शिवशंकर मिश्र, सुजीत यादव, जयंती महतो, संगीता जायसवाल, बैजनाथ महतो, अरविंद दुबे, पूर्व ग्राम पंचायत सदस्य राजेंद्र यादव, पत्रकार अजीत सिंह, मृत्युंजय पाण्डेय व संगीता शाह समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन केसीएन क्लब अध्यक्ष नँदन मिश्र त्यागी ने किया तथा समिति के उपाध्यक्ष सुरेश दुबे ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संविधान के सन्मान में आर पी आई मैदान मे इस नारे के साथ राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया ने निकाली रैली




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी के पक्षाध्यक्ष नामदेव साबळे के नेतृत्व में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान गौरव रॅली निकाली गई।

उक्त रैली चेंबूर अझीझ बाग स्थित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर पुतले के पास से शुरू हुई और आझाद नगर, इंदिरा नगर, वाशी नाका पेट्रोल पंप, वाशिनाका मच्छी मार्केट, एच.पी.कॉलोनी गेट, शंकर देऊळ खड़ी मशीन से होते हुए पुनः अजीज बाग राष्ट्रवादी रिपब्लिकन पार्टी के कार्यालय के सामने समाप्त हुई। इस रॅली में पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष मुरलीधर बाबुराव गायकवाड, लहू गड पाक्षिक के संपादक विजय क्षीरसागर, महाराष्ट्र प्रदेश सचिव अजय ठोंबे, मुंबई प्रदेश अध्यक्ष संजय लांडगे, मुंबई प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम गायकवाड, महाराष्ट्र प्रदेश संघटक सविता लांडगे, मुंबई प्रदेश महिला आघाडी अध्यक्षा ज्योती सिरसागर ,युवक रिपब्लिकन के मुंबई प्रदेश अध्यक्ष एड. कनिष्क साबळे, व्यंकटेश गोसाई, वॉर्ड अध्यक्ष अक्षय तूपेरे , सुनिल नाटेकर , अनिरुद्ध नाडर, एड. यश शिंदे , अभिषक कांबळे , अतुल लोंढे, बबन उमप, वॉर्ड अध्यक्ष आनंद खंडागळे, सुमित कांबळे, पहाडी राव, बलवंत रामखिलावन राव, विनायक थोरात, धर्मेंद्र कुमार, अक्षय उबाळे और अनिल नाटेकर सहित अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक इस रैली में शामिल हुए।

## उत्तर क्षेत्रीय संस्था द्वारा बड़े धूमधाम से मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस



**पालघर(उत्तरशक्ति)।** उत्तर क्षेत्रीय संस्था की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर से सटे पास्थल ग्राम पंचायत अंतर्गत स्थित इंद्रप्रस्थ पेट्रोल पंप के प्रांगण में 26 जनवरी 2025 को सुबह 9.30 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर बड़े धूमधाम के साथ 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मान्यवरों द्वारा भारत माता के छायाचित्र के समक्ष पुष्प अर्पण व पूजन करके की गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के तौर पधारे तारापुर पुलिस थाना प्रभारी सहायक पुलिस निरीक्षक निवास कणसे के हाथों झंडा फहराया गया। इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रगान गाया। वहीं संस्था की ओर से उपस्थित सभी मान्यवरों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वितरण कर सभी जनों का मुंह मीठा कराते हुए एक दूसरे को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्रीय संस्था के अध्यक्ष अरविंद सिंह क्षत्रिय, हनुमान सिंह, सज्जन लाल गुप्ता, एड.शोभनाथ त्रिपाठी, बृजेश पाण्डेय, रामनरेश यादव, आर.बी.सिंह, सुभाष सिंह, आद्या सिंह, सत्यवान शर्मा, घनश्याम सिंह, प्रदीप सिंह, बी.बी.सिंह के अलावा संस्था के सदस्य गण, पेट्रोल पंप के कर्मचारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पवई में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** अयोध्या में भगवान श्री राम की जन्मस्थली पर बने भव्य मंदिर में प्रभु श्री रामचंद्र की मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा समारोह पिछले वर्ष हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ था। इस मंदिर की पहली वर्षगांठ के मौके पर मुंबई समेत देशभर में जश्न मनाया गया। इसी कड़ी में पवई आई आई टी में गत दिनों पवई हिन्दू एकता सकल समाज के अध्यक्ष भरत सिंह के नेतृत्व में प्रभु श्री रामजी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल थे। शोभा यात्रा में सर्व प्रथम भगवान श्री राम की भव्य प्रतिमा की पूजा की गई। इस शोभा यात्रा में में जगह-जगह फूल मालाएं और फूलों की बारिश हो रही थी। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से ईशान्य मुंबई के पूर्व सांसद मनोज कोटक, पूर्व नगरसेवक चंदन शर्मा, पूर्व नगरसेविका वैशाली पाटिल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीकांत पाटिल, राकेश परब, सुभाष गवई, रमेश सिंह, प्रमोद ( पोपट) तिवारी, अमोल प्रभु, करण सिंह, आनंद गुप्ता, प्रदीप गुप्ता सहित अनेक कार्यकताओं ने काफी मेहनत की।

## अंधेरी पूर्व के नागरदास रोड पर गणतंत्र दिवस पर शहीदों को याद किया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर अंधेरी पूर्व नागर दास रोड पर शहीदों की याद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा, ने शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदीप शर्मा ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस बहुत महत्वपूर्ण है इसी दिन भारतीय संविधान के रचयिता कानून मंत्री डॉ.बाबासाहेब आंबेडकर ,पूर्व राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद , पंडित जवाहरलाल नेहरू , लौहपुरुष सरदार पटेल आदि महापुरुषों की उपस्थिति में भारतीय संविधान लागू किया गया। शर्मा ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा अनमोल संविधान अगर कोई है तो वह भारत का है क्योंकि इसमें कई देशों के संविधान का उल्लेख लेकर के बनाया गया है ,और इसमें ऐसा प्रावधान है, कि किसी निर्दोष को कोई सजा ना मिले, । शर्मा ने यह भी बताया कि 26 जनवरी 1950 को इस कानून को लागू किया गया था ,तो उसके पीछे भी एक रहस्य है ,वह रहस्य ऐसा है कि 1930 में 26 जनवरी के दिन ही स्वराज भारत कांग्रेस की स्थापना हुई थी, और इसके अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोस थे, सुभाष चंद्र बोस ने कई कठोर निर्णय लेने के कारण कुछ गणमान्य लोगों ने विरोध किया था जिसके कारण उन्होंने राजीनामा दे दिया , और स्वराज्य राज्य की घोषणा कर दिये ।,इसी कारण से 26 जनवरी का दिन बड़ा महत्व माना जाता है ,वैसे तो 25 जनवरी 20 जनवरी 30 जनवरी भी रखा जा सकता था, किंतु भारत स्वराज कांग्रेस स्थापना की घोषणा के कारण ही 26 जनवरी 1950 का दिन चुना गया था, और तब से हम जनतंत्र कानून का पालन करते आ रहे इस अवसर पर प्रदीप शर्मा रंगनाथ दुबे, पत्रकार ओपी तिवारी, रमेश मिश्रा, पंकज मिश्रा, सागर त्रिपाठी, प्रमोद पांडे, पुष्पा त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन पी एस फाउंडेशन के सक्रिय कार्यकर्ता मनीष पटेल ने किया।

## कुंभ मेला 2025 में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए केस इंडिया ने लॉन्च किया प्रोजेक्ट मिलाप

**मुंबई/पटना।** सीएनएच ब्रांड केस कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट ने प्रयागराज में कुंभ मेला 2025 में भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रोजेक्ट मिलाप लॉन्च किया है। यह एक अभूतपूर्व कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल है, जिसका उद्देश्य प्रयागराज में कुंभ मेले में भाग लेने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस पहल को सीएसआर कमेटी के एमरे करजली, वीपी-कंस्ट्रक्शन सेगमेंट, सीएनएच एपीएसी, शलभ चतुवेर्दी, मैनेजिंग डायरेक्टर, केस इंडिया और सार्क, सतेंद्र तिवारी, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर - ऑपरेशंस, श्री पुनीत विद्यार्थी, ब्रांड मार्केटिंग हैड, एपीएसी और कंपनी के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर हरी झंडी दिखाई गई। करीब 120/400 मिलियन से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की उम्मीद के साथ, इस प्रोजेक्ट ने खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिवारों से फिर से मिलाने में मदद करने के लिए एक अभिनव यू विल नेवर गेट लॉस्ट कॉन्सेप्ट पेश किया है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय:
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# दिव्यांग बच्चों के बीच डॉ.स्वाती यादव ने फहराया तिरंगा

बक्शा,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा जौनपुर में दिव्यांग बच्चों के बीच झण्डा रोहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्गा सिटी हॉस्पिटल/दुर्गा डायग्नोस्टिक सेंटर से डॉ स्वाती यादव पत्नी डॉ आलोक यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय निषाद रहे मुख्य वक्ता के रूप में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, स्वामी श्याम महराज महामंत्री अमर जौहरी उम्मीद (साथ भरोसे का) संस्था से आशीष निषाद, राहुल प्रजापति व उनकी पूरी टीम रही सर्व प्रथम मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि द्वारा झण्डा फहराकर गया उसके बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया इसके बाद संस्था के प्रबन्धक विनोद कुमार माली उपाध्यक्ष राम अवतार माली स्टॅाप सोनम यादव, मनोज माली, मंजू प्रजापति द्वारा मंच पर मंचासिन सभी अतिथियों का माला पहनाकर बैच लगाकर तिरंगा दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया दिव्यांग बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत पर डॉन्स किया गया उम्मीद संस्था (साथ भरोसे का)से सभी दिव्यांग बच्चों को कम्बल और लंच पैकेट वितरण किया गया पत्रकार शुभांशु जयसवाल द्वारा फ्यूचर पानी का बाटल वितरित किया गया बक्शा ग्राम प्रधान पुत्र मुन्ना मौर्या द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि ने दिव्यांग बच्चों को मिठाई खाने के लिए आर्थिक सहायता दी गईं मुख्य अतिथि ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाना बेहद पुनीत कार्य है विशिष्ट अतिथि ने कहा कि मानव सेवा सच्ची सेवा ऐसे बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए हम सब प्रयास करना चाहिए मुख्य वक्ता अनिल गुप्ता ने कहा दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं यह किसी को भी हो सकती हैं हम सब को ऐसे व्यक्तियों की सहायता करनी चाहिए उम्मीद संस्था से सभी पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम के लिए आर्थिक सहायता दी अंकित पाण्डेय ने मिठाई खाने के लिए आर्थिक सहायता दी आशीष निषाद जी ने बताया कि हमारी संस्था कई वर्षो से जरुरत मंद लोगों को सेवा देने का कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी कम्बल लंच पैकेट पाकर दिव्यांग बच्चे बेहद खुश हुए हर्षिता इंटरनेशनल दिव्यांग स्कूल बक्शा संस्था संचालक डॉ प्रमोद कुमार सैनी ने उम्मीद संस्था के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया मौके




मोहित यादव, गौतम निषाद, सर्वेश सिंह, सुशील प्रजापति, पिंटू निषाद, तरुण सेठ, स्वतंत्र मौर्या, गोलू निषाद, गुलशन निषाद, करन श्रीवास्तव आईसीआईसीआई प्रूडेंटीयल रिलेशन शिप मैनेजर मनोज कुमार अग्रहरि,एडॉ एल के विश्वकर्मा डॉ अरुणा सिंह, जेसीआई चेतना पूर्व अध्यक्ष अभिलाषा, प्रवीण माली श्रीवास्तव,शिवशंकर साहू, संतोष गुप्ता डिम्पू, शिवम् सैनी सत्या सन्तोष अग्रहरी, सौरभ सैनी रीना प्रजापति आदि लोग व सभी दिव्यांग छात्र उपस्थित रहे।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ मेराजुन्नबी का जुलूस और जलसा

**डॉ.इम्तियाज अहमद**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। इस्लामी महीने हिजरी के अनुसार 26 रजब को मेराजुन्नबी का एक जलसा और जुलूस धूमधाम से शहर में मनाया गया इसी सिलसिले में आयोजन कमेटी औलिया सीरत कमेटी की निगरानी में पूरा शहर सजाया गया जगह जगह रंग बिरंगी झालरों से दुल्हन सा सजाया गया था 27 जनवरी दिन सोमवार को समय दोपहर 2:00 से शाम 5:00 तक कौमी यकजहती कार्यक्रम हुआ जिसमें विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने आपसी सद्भावना व सद्भाव पर अपने अपने विचार प्रकट किए शाम 6:00 बजे से प्राप्त 5 बजे तक ऐतिहासिक जुलूस और जश्ने मेराजुन्नबी अपनी पुरानी परंपरागत रिवायती रूप से मनाया गया उक्त कार्यक्रम औलिया मस्जिद सुत्तहट्टी बाजार भंडारी स्टेशन से उठकर अपने निर्धारित मार्गो से होता हुआ सब्जी बाजार, कोतवाली चौराहा ,हरलालका रोड से चहारसू चौराहे से होकर शाही किला होता हुआ शाही अटाला मस्जिद पर पहुंचकर जलसे में तब्दील हो गया उक्त जलसे को सफल बनाने के लिए कमेटी ने प्रशासन से उचित सुरक्षा व्यवस्था ,नगर पालिका से साफ सफाई व बिजली की व्यवस्था और स्वास्थ विभाग से एक टीम एम्बुलेंस के साथ रहने की मांग की थी जो मौजूद रहे। मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा सांसद और विशिष्ट अतिथि फिरोज खान चेयरमैन कचगांव, डॉक्टर सरफराज, पूर्व विधायक सदर, राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी मो.अरशद खान, निखिलेश सिंह, डॉ.मोहम्मद नासिर खान रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से अनवारूल हक गुड्डू, कमर अहमद उर्फ शकील मुमताज, शाहिद मंसूरी, नेयाज ताहिर शेखू, अकरम मंसूरी, रियाजुल हक, नूरुद्दीन मंसूरी, लाल मोहम्मद राईनी, सद्दाम हुसैन, अजीज फरीदी, असलम शेर खां, शम्स तबरेज, हिसामुद्दीन शाह, हाजी इमरान, मो अंसार इदरीसी आदि मौजूद थे।




# गणतंत्र दिवस हमारे देश की गौरवशाली परंपरा और संविधान की महानता का प्रतीकः अंगद यादव प्रबंधक

**गुड़िया बिन्द**

आजमगढ़(उत्तरशक्ति)। मां चंद्रावती देवी महिला पीजी कॉलेज मेंनगर आजमगढ़ में 26 जनवरी को 76वा गणतंत्र दिवस धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर

## मां चंद्रावती देवी महिला पीजी कॉलेज मेंनगर में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

विद्यालय के छात्रों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों और प्रमुखों के स्वागत से हुआ। जिसके बाद विद्यालय के प्रबंधक अंगद यादव द्वारा ध्वजारोहणकर देश की भावना प्रकट की गई।विशेष आकर्षणों में देश पर, आधारित नृत्य, संविधान पर आधारित गीत, देश पर आधारित पाठ, तथा बाबा साहब की गीत कलमिया में दम बा, पर आधारित जिसमें बालिकाओं ने अपने प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।विद्यालय के मुख्य अतिथि प्रबंधक अंगद यादव ने अपनी प्रार्थना में कहा गणतंत्र दिवस हमारे देश की गौरवशाली परंपरा और संविधान की महानता का प्रतीक है हमारी बच्चियों में शिक्षा के साथ-साथ देश प्रेम संस्कार और संस्कारों का समावेश करना हमारे प्राथमिक जिम्मेदारी है,और प्रबंधक अंगद यादव ने यह भी कहा कि हमारी बच्चियों हमारे विद्यालय की आज मानसून है इन्हीं से विद्यालय के खुशियों का उत्साह है, और उन्होंने यह भी कहा कि प्रोग्राम के साथ-साथ शिक्षा भी बहुत जरूरी है विद्यालय के सभी छात्राओं को उन्होंने आगे बढ़ने का बहुत ही अच्छा संदेश दिया है और छात्रों के भविष्य पर प्रकाश डाला इस आयोजन ने बच्चियों के दिलों में देशभक्ति और संविधान की एक नई ऊर्जा का संचार किया,इस कार्यक्रम में मेहनगर,थाना के प्रशासन, रिपोर्टर गुड़िया बिन्द का बहुत बड़ा भूमिका रहा।





# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

बदलापुर,जौनपुर (उत्तरशक्ति)।76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सरकारी संस्थानों से लेकर विद्यालयों तथा कॉलेजों में तिरंगा ध्वज फहराते हुए राष्ट्रगान किया गया।इसी क्रम में अभिनव इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पुरानी बाजार में गणतंत्र दिवस के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बदलापुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अरविंद कुमार सिंह का विद्यालय की प्रधानाध्यापिका तथा राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत डॉक्टर विभा शुक्ला सहित सभी अध्यापकों ने माल्यार्पण कर पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए भव्य स्वागत किया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण करते हुए काफी संख्या में मौजूद विद्यालय के बच्चों के साथ अध्यापकों ने राष्ट्रगान करते हुए भारत माता की जय का उद्घोष किया गया।विद्यालय के बच्चों के द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए स्वच्छता पर लोगों को जागरुक भी किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पुरस्कृत भी किया और बच्चों में मिष्ठान का वितरण भी किया गया।उक्त अवसर पर श्रीप्रकाश यादव, गार्गी त्रिपाठी, प्रतिभा यादव, रीता देवी, एजाज अहमद,सुनील कुमार अग्रहरि, शिक्षामित्र अरविंद यादव, आंगनबाड़ी से शशिकला पांडे,मंजू सिंह, सीमा मिश्रा, सीमा खरवार, रंजना श्रीवास्तव, दुर्गावती, किरण, परमिला, बंदना सहित रसोईया व अन्य अभिभावक गण मौजूद रहे।



# मदरसा दारूल इरफान में गणतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। नगर क्षेत्र स्थित मदरसा दारूल इरफान, बोदकरपुर, जौनपुर में गणतंत्रता दिवस धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसा दारूल इरफान के प्रधानाचार्य मौलाना मुर्तजा हसन मदनी ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व असिस्टेंट कमिश्नर अख्तर अंसारी रहे। ध्वजारोहण मदरसा दारूल इरफान के प्रधानाचार्य मौलाना मुर्तजा हसन मदनी ने किया, राष्ट्रगान के पश्चात मदरसा के प्रधानाचार्य एवं मुख्य अतिथि द्वारा गणतंत्रता दिवस से संबंधित बातों पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात मदरसा के छात्र छात्राओं ने देश भक्ति गीत, तकरीर, गीत, गजल,नात आदि पढ़कर लोगो का दिल जीत लिया। जिसमें रोशनी, हेमा, सानिया, मो0 आरिफ, सिराजुद्दीन, शाहनवाज, साहिल, खुशी,अनम, सूफिया, जारा असलम, अक्शा व असद आदि छात्र-छात्राएं रही। मदरसा के शिक्षक समीउल्लाह फलाही ने नाम-ए-नबी बिरदे जुबां है। नाव मगर मझधार में है।नामक खूबसूरत नात पढ़कर खूब वाहवाही लूटी। इस अवसर पर कार्यक्रम में हाफिज अल्ताफ-उर-रह मान सलफी, हाफिज नुरुल हुदा, मौलाना जकाउल्लाह, मौलाना सरफराज, आरिफ अंसारी, शमशाद, शाहीन आरा, परवीन अंसारी, अब्दुल्ला, मास्टर मो0 अकबर, सिबगतुल्लाह शिबू, परवेज, अब्दुर्रहीम बाबू व वासिफ आदि के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन समीउल्लाह फलाही ने किया।



# लोक जनसेवा फाउंडेशन ट्रस्ट संस्था ने विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी को किया सम्मानित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लोक जनसेवा फाउंडेशन ट्रस्ट परिवार ने आज जौनपुर में स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी को सम्मानित किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मानित समारोह में उपस्थित पूर्व नगर पालिका परिषद जौनपुर के चेयर मैंन दिनेश टंडन व विशिष्ठ अतिथि अबूजर शेख, प्रतीक सिंह, मनीष राय व संस्था के अध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता अमित ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा सभी एक साथ राष्ट्र गान गाया। स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर सभी भारत माता की जय का जोरदार नारा लगाया गया संस्था के अध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता अमित मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को बुके देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया संस्था के अध्यक्ष ने बताया या सम्मान समारोह विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी का सम्मान समारोह है इस अवसर उन्होंने बताया विद्युत विभाग के ऐसे लाइन मैन को देखा गयाःकरोना काल हो,गर्मी में तेज धूप हो चाहे बरसात हो वो अपने काम को बहुत ही जिम्मेदारी से करते रहते है ।संस्था के अध्यक्ष ने बताया है ।इस विभाग के संविदा कर्मचारी को बरसात में देखा गया वो जब मेन फॉल्ट हो जाता है ।फॉल्ट खोजने के लिए बारिश में खेत में लगे खंभे पर खेत में भरे पानी के अंदर जा कर लाइन को बनाने में निरन्तर कड़ी मेहनत करने में लगे रहते तब हम सभी अपने अपने घरों में रोशनी का उजाला देखते है ।इन सभी ने चाहे करोना जैसे बड़ी महामारी में भी अपना अहम भूमिका निभाई इन सभी महान योद्धाओं को लोक जन सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट संस्था ने सम्मान समारोह में आए सभी को मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयर मैंन दिनेश टंडन, विशिष्ट अतिथि अबूजर शेख मनीष राय, वर्ल्ड क्लास कंपनी के सर्किल मैनेजर प्रतीक सिंह, उद्योग व्यापार मंडल से संतोष अग्रहरि, सोमेश केसरवानी व संस्था के अध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता ने सभी चयनित करोना योद्धा को शील्ड, गिफ्ट व माला से सम्मानित कर के उन सभी का उत्साह वर्धन किया वहीं संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि इन सभी सम्मानित योद्धा को ही संभव मदद के लिए खड़े रहेंगे ।हर वर्ष संस्था के माध्यम से सम्मानित करते रहेंगे वहीं संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि यह संस्था नेत्रहीन दिव्यांग वृद्ध असहाय, दिव्यांग गरीब लोगों की मदद करना ऐसे अनेक प्रकार के उद्देश्य है ।जो संस्था कार्य कर रही हैं संस्था का अगला कदम गरीब असहाय बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। मुख्य अतिथि ने बताया कि यह संस्था ऐसे अनेक प्रकार कार्यों को करती है जो सराहनीय रहता है। संस्था आज भी विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी को सम्मानित करके एक बार फिर बेमिसाल संस्था बन गई ऐसा काम किया जो जौनपुर के सभी विद्युत विभाग के संविदा कर्मचारी को सम्मानित किया ।इस सम्मानित समारोह में उपस्थित संस्था के संरक्षक सुनील कुमार राय, अमृत लाल यादव, गीता सिंह, चंदन राम, धुरेंद विश्वकर्मा, शिवम शर्मा, संस्था के सक्रिय पदाधिकारी डॉ.अभिषेक कुमार सतीश कुमार निषाद, राजा अग्रहरि, सत्यम प्रजापति, उपेंद्र श्रीवास्तव, अजमत अली, एहतेशाम, सुशील कुमार, मोहम्मद जमाल मीनू, प्रेम कुमार चतुवेर्दी, अलीम के साथ साथ नेकी घर संस्था के सर्वेश मौर्य जी मौजूद रहे अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



# गणतंत्र दिवस अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी कराता है बोधः मधुसूदन बैंकर

## लायंस क्लब जौनपुर रॉयल ने प्राथमिक विद्यालय में बच्चों संग मनाया राष्ट्रीय पर्व

**अभिताश गुप्ता**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन प्राइमरी पाठशाला शकरमन्डी चुंगी में किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। समारोह को संबोधित हुए क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए।कहा भारतीय गणतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है आज के दिन सभी को अपने देश की तरक्की व विकास के लिए तन,मन धन से समर्पित रहने का संकल्प लेना चाहिए ।गणतंत्र दिवस हमें अधिकारो के साथ कर्तव्यो का भी बोध कराता है।



संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने सभी को राष्ट्रीय पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी अभिताश गुप्ता ने कहा कि हम लोगों को स्वतंत्रता भले ही 1947 में मिली लेकिन डॉक्टर अंबेडकर की अध्यक्षता में रचित अपना संविधान आज ही के दिन सन 1950 में लागू हुआ। प्रथम उपाध्यक्ष संजीव साहू ने समारोह में कहा कि भारतीय संविधान दुनिया का सबसे बड़ा और लिखित संविधान है। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सोनी ने कहा समाज के अन्तिम पायदान पर रहने इन बच्चों के बीच में इस तरह का कार्यक्रम करने से और उन्हें उपहार स्वरूप कुछ प्रदान करने से उनका मनोबल बढता है। समारोह में बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये।

इस अवसर पर क्लब द्वारा सभी बच्चों को कापी, पेंसिंल, रबड़, स्केल बिस्किट, चिप्स इत्यादि वितरित की गई। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजेश किशोर, अमित गुप्ता, अभिषेक बैंकर, गोपाल जी साहू, अजय मोदनवाल, हृदय गुप्ता व अन्य गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव अजय सोनकर ने किया। धन्यवाद व आभार प्रधानाचार्य अतुल गुप्ता ने व्यक्त किया।

# शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट ने किया कई धार्मिक कार्य, जरूरतमंदों को बांटे शाल व कंबल

**रियाजुल हक**

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद की मशहूर आदिशक्ति शीतला धाम के मुख्य ट्रस्ट शीतला जी महारानी पुरोहित परिवार ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी विद्याधर त्रिपाठी मुन्नू द्वारा शाही पुल के नजदीक गोपी घाट पर जरूरतमंदों को कंबल



वितरण किया गया। इसके साथ ही 22 जनवरी राम जन्म मंदिर के पर्व पर प्रयागराज में महाकुंभ मेले में पूजा पाठ का कार्यक्रम किया गया एवं वहां पर पधारे हुए साधु संतों को गर्म शॉल भेंट करके उनका स्वागत किया गया वहीं शीतला माता श्रृंगार के हवन में भी ट्रस्ट ने बढ़ चढ़ करके हिस्सा लिया ।इस मौके पर मुख्य रूप से मनोज त्रिपाठी, डॉक्टर कृतिका त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जनपद में 76वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन जौनपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्यमंत्री खेल एवं युवा कल्याण विभाग, गिरीश चन्द्र यादव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं परेड का निरीक्षण किया गया तथा सलामी दी गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री ने आम जनता को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज ही के दिन संविधान लागू हुआ था ।उन्होंने कहा कि देश में गरीब तथा वंचित लोगों के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। भारत को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। वही एक प्रोग्राम राज महल में गहना कोठी परिवार की तरफ से आयोजित किया गया जिसमें राजमहल पर झंडा रोहण विनीत सेठ द्वारा किया गया इस मौके कर उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर भारत की तरफ अग्रसर है। उसी के क्रम में उत्तर प्रदेश में भी तेजी से विकास के कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं। उक्त अवसर पर विमला सेठ, विवेक सेठ मोनू, विशाल सेठ, विपिन सेठ, वैशाली सेठ, विशाल आनंद सेठ आदि मौजूद रहे। वही पुलिस लाइन में बेसिक शिक्षा विभाग से विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा देशभक्ति गीतों पर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने भी बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सदस्य विधान परिषद बृजेश सिंह प्रिंशू, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम, जिलाधिका दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम, पुलिस अधीक्षक डॉ० कौस्तुभ, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय सहित अन्य अधिकारीगण तथा आमजन उपस्थित थे।





# जेड.एफ.एम. सामाजिक संगठन ने धूमधाम से मनाया 76वाँ गणतंत्र दिवस

**रफीक अहमद**

फूलपुर,आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जेड.एफ.एम. सामाजिक संगठन के संस्थापक जीशान अहमद खान के निर्देशन में मुख्य कार्यालय फूलपुर गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व की 76 वीं वर्षगांठ पर संगठन के सक्रिय सदस्य,देश प्रेमियों व वक्ताओं ने झंडारोहण कर इस अवसर पर जीशान अहमद खान के कार्यों को आगे बढाने का संकल्प लिया इसी कड़ी में जीशान अहमद खान ने सात समुंदर पार से वर्चुअल मोबाइल से जुड़कर देशवासियों को संबोधित करते हुए। देश के प्रति मजलूमों की आवाज बनने का निर्णय लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से रफीक फूलपुरी जावेद आलम एडो., संचालक मनोज गुप्ता, शहाबुद्दीन चौधरी, आफताब आलम एडवोकेट, सभासद रिजवान अहमद, फारूक दादा, महेंद्र प्रधान, रमेश भारती, आलोक भारती, शादमान, शायर अकरम, राहुल कुमार, मदनलाल, साकिब सिद्दीकी, सचिन कुमार, शिवम नितीश, परवीन, सैफ, सऊद, नरेश, शारिक आदि लोग उपस्थित रहे।



## पूर्वांचल विकास परिवार ने किया पूर्व सांसद धनंजय सिंह का सम्मान



मुंबई। पूर्वांचल के विकास और आत्मनिर्भरता को लेकर लगातार जमीनी संघर्ष करने वाली संस्था पूर्वांचल विकास परिवार द्वारा आज गोरेगांव पूर्व स्थित गौरी शंकर चौबे के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जौनपुर के पूर्व सांसद धनंजय सिंह का सम्मान किया गया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ दिग्रेश यादव ने शॉल एवं पुष्प गुच्छ से उनका सम्मान करते हुए कहा कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने हमेशा दुर्बल और पिछड़े लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। यही कारण है कि पूर्वांचल का आम आदमी इन्हें अपना असली नेता मानता है। इस अवसर पर गौरीशंकर चौबे , रवि यादव , डॉ दिलीप पाल, बृजेश यादव , गुलाबचंद पाल, राजेश यादव समेत संस्था से जुड़े अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। धनंजय सिंह ने पूर्वांचल विकास परिवार द्वारा पूर्वांचल के विकास की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे संस्था के हर अच्छे काम के साथ खड़े हैं।

## गणतंत्र दिवस पर एसएम खान ने भाजपा का 10 हजार सदस्य बनाने का लिया संकल्प



### 1000 बच्चों को मुफ्त नोटबुक वितरित

मुंबई । गणतंत्र दिवस के अवसर पर आज जोगेश्वरी, आनंद नगर नाका के पास वार्ड क्रमांक 61 में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी महाराष्ट्र अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष एसएम खान द्वारा भाजपा का 10 हजार सदस्य बनाने का संकल्प लेते हुए 1000 बच्चों को मुफ्त नोटबुक्स वितरित किया गया। इस मौके पर अब्दुल रशीद अंसारी, मुनाहीर हुसैन, अमरचंद यादव, सुनील दुबे, रामलाल विश्वकर्मा, राजेश चौहान, आरके दुबे, पंकज शर्मा, आरिफ हयात, अनुराधा भविष्यकर समेत भारी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसएम खान ने इस कहा कि 10 हजार भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनाने का हमारा संकल्प जल्द पूरा हो जाएगा और हर साल हजारों बच्चों को मुफ्त नोटबुक वितरण किया जाएगा। उन्होंने सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है।

## मुलुंड कांग्रेस द्वारा गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण कर संविधान की रक्षा की शपथ ली गयी



मुंबई। मुलुंड विधानसभा क्षेत्र में मुलुंड कांग्रेस साथियों द्वारा निम्न स्थानों पर क्रमशः मुलुंड ब्लॉक कार्यालय पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ बाबूलाल सिंह,शास्त्री नगर, मुलुंड कॉलोनी पर -उमेश धानी, अमर नगर राजनठवाला, मुलुंड कॉलोनी कार्यालय डॉ आर आर सिंह, संजय गांधी नगर राजकुमार यादव, सीतनगर मोहनलाल राज व वैशाली नगर भगवान तिवारी ने ध्वजारोहण किया। सभी नागरिकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुंबई कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, महासचिव सुनील गंगवानी, डॉ. सचिन सिंह महासचिव उ. भा. सेल, महाराष्ट्र कांग्रेस, कांग्रेस नेता नीता जोशी, संजय घरत, हरीशगुप्ता, अरविंद यादव, विठ्ठल सातपुते, राजन उटवाल, हेमकिरण जंगम, बीरेंद्र चतुर्वेदी, मोहित सिंह, सानू शेख, रिजवान शेख, शरीफ खान, तपन ऐगल, अलका सावला, कौशल्या गायकवाड, मैथ्यु चेरियन, उमेश टपाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर बोलते हुए चरण सिंह सप्रा ने कहा कि आज के दिन ही बाबा साहब अम्बेडकर द्वारा दिया गया संविधान लागु हुआ और सभी देशवासियो को समानता का अधिकार मिला, परन्तु वर्तमान सरकार संविधान को तोड़ने मरोड़ने में नष्ट करने में लगी है। देश महंगाई बेरोजगारी से त्रस्त है और यह सरकार अपने धनी मित्रों पर धन लुटा रही है। हमें आज के दिन संविधान की रक्षा की शपथ लेनी है और वर्तमान सरकार को घर घर जाकर बेनकाब करना होगा।

## राष्ट्रीय चौहान महासंघ द्वारा मनाया गया गणतंत्र दिवस



मुजरात (उत्तरशक्ति)। राष्ट्रीय चौहान महासंघ संस्थापक अध्यक्ष मुनीब सिंह चौहान व राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह चौहान के नेतृत्व में अंकलेश्वर भरूच, राजकोट, गुजरात, बोईसर, उल्लस नगर, कांदिवली महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश व बिहार सहित कई राज्यों में गणतंत्र दिवस समारोह धूम धाम से मनाया गया। जिसमे मुख्य रूप से भरूच आंकलेश्वर पदाधिकारियों द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर 24 जनवरी 2025 को एक प्लाट समाज के लिए खरीदा कराया गया तथा कार्यालय पर ध्वजारोहण कर मिठाई बांटी गई। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव गोविंद चौहान, राष्ट्रीय प्रवक्ता शैलेश चौहान, गुजरात प्रदेश अध्यक्ष लल्लन चौहान, रामप्रताप चौहान, हरेंद्र चौहान, जितेंद्र चौहान, रविंद्र चौहान, धर्मराज चौहान, उरामसमुझ चौहान, मुकेश चौहान, महेंद्र चौहान, मनोहर चौहान, धनेश्वर चौहान, भोला चौहान, मोतीलाल चौहान, सुबाष चौहान, रामबिलास चौहान,मनोज चौहान, सुनीता देवी, उषा देवी, आशा देवी, ममता देवी, हिमांगी, आराध्या, रवी, हिमांशु आदि लोग मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी शैलेश जवाहर लाल चौहान ने दी है।

## बनारस आ रहे हैं तो जरूर पढ़ लें ट्रैफिक एडवाइजरी, वरना पछताएंगे, महाकुंभ के चलते बदला रूट

-डॉ.एस.के.मिश्र



वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद में महाकुंभ के पलट प्रवाह के मद्देनजर जिले में शुक्रवार की रात 12 बजे से पांच फरवरी की रात तक के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी लागू की गई है। इसके तहत सिटी और ई-बस सेवा का संचालन कमिश्नरेट के 11 थाना क्षेत्र में पांच फरवरी तक स्थगित रहेगा। इनमें आदमपुर, जैतपुरा, कोतवाली, चौक, दशाश्वमेध, लक्सा, सिगरा, चेतगंज, भेलूपुर, लंका और चितईपुर थाना क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, बाहरी जनपदों से आने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसें शहर के अंदर प्रवेश नहीं करेंगी। वाराणसी ग्रामीण, काशी, कैंट, सोनभद्र, विंध्यनगर और चंदौली रोडवेज डिपो की बसें ही सिर्फ मोहनसराय, चांदपुर, लहरतारा से होते हुए कैंट तक आएंगी। एडीसीपी ट्रैफिक राजेश कुमार पांडेय ने बृहस्पतिवार को बताया कि आजमगढ़, जौनपुर और गाजीपुर की रोडवेज / प्राइवेट बसें हरहुआ से आगे नहीं आएंगी। यह बसें हरहुआ में ही खड़ी होंगी। वहां से इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों को लेकर हरहुआ से गिलट बाजार होते हुए छोटी कटिंग मेमोरियल ग्राउंड तक आएंगी। इसी तरह से प्रयागराज और मिजार्पुर से आने वाली रोडवेज / प्राइवेट बसें मोहनसराय के पास ट्रांसपोर्ट नगर ग्राउंड में खड़ी होंगी।इलेक्ट्रिक बसें यात्रियों को मोहनसराय से चांदपुर तक लाएंगी। यहीं रहते हैं और वाहन बाहर का है तो घबराएं नहीं यदि आप बनारस में रहते हैं या काम करते हैं और आपके वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी-65 से शुरू नहीं हो रहा है तो घबराना नहीं है। एडीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि अपना परिचय पत्र पुलिसकर्मी को दिखा कर आ-जा सकते हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य यह है कि गंगा घाटों, गोदौलिया, मैदागिन और प्रमुख मंदिरों की ओर चारपहिया वाहन न जाएं। प्रमुख स्नान पर्व के दो-तीन दिन पहले और दो-तीन दिन बाद तक या फिर छुट्टी के दिन शहर में बाहरी वाहनों का दबाव बहुत ज्यादा रहेगा। ऐसे दिनों में शहर में चारपहिया वाहन से चलने वाले लोग यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। *यूपी-65 नंबर के वाहन को शहर में रियायत* जगतपुर इंटर कॉलेज के आगे यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन शहर के अंदर नहीं आएगा। पार्किंग स्थल जगतपुर इंटर कॉलेज में है। अखरी बाईपास से यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन शहर के अंदर नहीं आएगा। पार्किंग स्थल संत रविदास मंदिर ग्राउंड में है। लकड़मंडी तिराहा / चौकाघाट चौराहे से यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन / टैक्सी / ऑटो शहर के अंदर नहीं आएगा। पार्किंग स्थल संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय में है। लकड़मंडी तिराहे से आने वाले वाहनों को रामकटोरा तिराहा, नाटीइमली होते हुए डीएवी कॉलेज लोहटिया में खड़ा कराया जाएगा। गोलगड्डा तिराहा से यूपी-65 नंवर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन विशेश्वरगंज की तरफ नहीं जाएगा। भदऊ चुंगी तिराहा से यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन विशेश्वरगंज की तरफ नहीं जाएगा। कबीर मठ तिराहा से यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन मैदागिन की तरफ नहीं जाएगा। पार्किंग कबीर मठ मैदान पिपलानी कटरा के पास है। जगतगंज स्थित अमर उजाला तिराहा से यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन मैदागिन की तरफ नहीं जाएगा। पार्किंग संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय में है। रामकटोरा चौराहा से अमर उजाला तिराहा की तरफ किसी भी वाहन को नहीं जाने दिया जाएगा। गोलगड्डा तिराहा से यूपी-65 नंबर के अलावा कोई भी चार पहिया वाहन विशेश्वरगंज की तरफ नहीं जाएगा। सिटी बसें (डीजल) डीजल लेने के लिए कैंट फ्लाईओवर के ऊपर से गोलगड्डा होते हुए

## मोरेगांव मैक्स लाइफ मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की तरफ से ध्वजारोहण कार्यक्रम संपन्न





नालासोपारा (उत्तरशक्ति)। नालासोपारा पूर्व मोरेगांव तलाव के पास स्थित मैक्स लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तरफ से गुरुवार 26 जनवरी 2025 सुबह 9:30 बजे ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया । 76 वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर मैक्स लाइफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पंडित हौसिला प्रसाद मिश्रा के कर कमलों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाते हुए झंडे को सलामी दी, उस शुभ अवसर पर अस्पताल के डॉ रवि एच मिश्रा, दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के पत्रकार आनंद कुमार मिश्रा, डॉ संगम पाण्डेय, डॉ श्रीमती रंजना, हौसिला प्रसाद मिश्रा, पंकज गुप्ता, सचिन, प्रकाश, विनय, दीपक, श्रीमती अनिता, रेहान सानिया, आनंद पाण्डेय, आकाश, ध्रुव मिश्रा, विक्की, रत्नेश, विजय मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## गुजरात के सूरत में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन





सूरत। गत शुक्रवार को गुजरात के सूरत वेसु स्थित बैंक्वेट हाल में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन एस.वी.एन.ई.टी. सूरत में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के छात्रों द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सीनियर इंजीनियर अविनाश प्रजापति को सम्मानित करके किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय संस्थान के युवा और दूरदर्शी सदस्यों द्वारा आयोजित यह अद्भुत कार्यक्रम विकास, सामाजिक उत्थान और उत्तर प्रदेश में रोजगार सृजन के नए अवसरों पर आधारित विचार-विमर्श से भरपूर था। अविनाश प्रजापति ने उपथित छात्रों को संबोधित कर उनका मार्ग दर्शन किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का यह पहला कार्यक्रम है। जो गुजरात में एक इतिहास रचा है। यहां पर आने वाले समय में रहने वाले लोग उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम को याद करेंगे। संचालन समिति में राहुल वर्मा, जुझार सिंह, अतुल गुप्ता, भूपेंद्र सिंह, गणेश रंजन, अर्पित यादव, अभिषेक कुमार, सुमित तिवारी, दिव्यांशु मिश्रा, अमन तिवारी और अभय दुबे ने कार्यभार संभाला।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर आन, बान व शान से फहराया गया तिरंगा

-निशानाथ



खेतासराय, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पूरे भारत में रविवार को बड़े धूमधाम से 76वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। इसी क्रम में स्थानीय क्षेत्र के सरकारी भवनों शिक्षण संस्थाओं में आन, बान व शान के साथ तिरंगा फहराया गया वही शिक्षण संस्थानों में भी हर्षोल्लास के साथ झण्डा फहराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मिर्जा मवर बेग इण्टर कॉलेज में प्रधानाचार्य नौशाद अहमद, मदरसा इदारा-ए-उलूम इस्लामिया आजाद तालीमी मरकज में मौलाना एजाज, सेंट तुलसी ग्लोबल स्कूल आमगांव फुलेश में प्रबन्धक दुर्गेश सिंह, वीटी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में प्रबन्धक अनिल कुमार उपाध्याय, खेतासराय थाना में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उद्योग व्यापार मण्डल कार्यालय खेतासराय में नगर अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, विकास खण्ड शाहगंज सोंधी कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह, आदर्श कन्या इण्टरमीडिएट कॉलेज में प्रधानाचार्या राधा श्रीवास्तव, सर्वोदय इण्टर कॉलेज खुदौली में प्रधानाचार्य दिनेश कुमार गुप्ता, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी पर चिकित्साधिकारी डॉक्टर मसूद अहमद खान, प्राथमिक विद्यालय बभनौटी में सभासद अमित कुमार सोनकर प्राथमिक विद्यालय गोरारी में डॉ. शिवानी मौर्य, कम्पोजिट विद्यालय गोधना में प्रधानाध्यापक अखिलेश यादव ने झण्डारोहण किया पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलापुर में प्रधानाध्यापक अशोक कुमार मौर्य, ने झंडा फहराया नगर के हबीब हॉस्पिटल पर डॉक्टर एमएस खान ने झंडा फहराया बीएम हॉस्पिटल पर डॉक्टर सालिम ने झंडा फहराया। इसके उपरांत देश की नागरिक को संविधान के प्रति जागरूक करते हुए उनके अधिकार और कर्तव्यों के बारे में प्रकाश डाला तथा इसके लिए कुर्बान होने वाले शहीदों को याद किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से डॉक्टर डीएस यादव, कैप्टन राजेश यादव, विनोद मिश्रा, रेखा यादव, पप्पू पटवा, प्रधानाचार्य विनोद कुमार यादव, मनीष गुप्ता, नेशनल चिल्ड्रेन स्कूल में चेयरमैन वसीम अहमद, झंड़ा फहराया,मां चंद्रकला देवी चाइल्ड केयर पर डॉक्टर आनंद कुमार गौतम ने झंड़ा फहराया, शांतिभूषण मिश्रा, उपेन्द्र नाथ मिश्रा, एडवोकेट कुसुम सिंह, अमित श्रीवास्तव व राजेश यादव सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## ससुर को जगाने पहुंची बहू और सामने का दृश्य देख कर हुई बेसुध



वाराणसी(उत्तरशक्ति)।जनपद के बड़ागांव थाना क्षेत्र के पुआरी कला गांव में 65 वर्षीय रामकुंवर पटेल की सिर पर वार कर हत्या का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय रामकुंवर घर से 200 मीटर दूर पाही पर सो रहा था। घटना की जानकारी लोगों को तब हुई जब ससुर को जगाने पहुंची बहू चीख- पुकार लगाने लगी। खून से लथपथ पड़ा था वृद्ध का शव सोमवार सुबह करीब 5:30 बजे बहू राधिका मौके पर पहुंची तो लाइट बंद देखकर उसने ससुर को जगाने के लिए आवाज लगाई। इस पर कोई जवाब नहीं मिला। इस पर बहू ने लाइट जलाकर देखा तो खून से लथपथ ससुर का शव देख उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उसकी चीख- पुकार सुनकर आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर पहुंची बड़ागांव पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के साथ ही आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। डीसीपी गोमती जोन प्रमोद कुमार और एडीसीपी आकाश पटेल के साथ ही फोरेंसिक टीम ने मौके पर जांच- पड़ताल किया। रामकुंवर पटेल के तीन बेटे हैं। जिसमें आनंद पटेल, होम्योपैथी डॉक्टर है। संतोष पटेल, पीओपी मिस्त्री है और सुभाष पटेल गुजरात में रहता है। घटना को लेकर डीसीपी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच कर रही है।

## पब्लिक राइट्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मना 76वां गणतंत्र दिवस मनाया



-खालिद अफजल

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पब्लिक राइट्स एसोसिएशन ने मोहल्ला कटघरे में ध्वजारोहण देश का 76 वां गणतंत्र दिवस मनाया गया। संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने ध्वजारोहण किया। सभी सम्मानित कार्यकताओं को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सरताज अहमद ने कहा कि भारतीय संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था और तब से हम सब इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं। जब हमारा देश 15 अगस्त 1947 को अंग्रेजी हुकूमत से आजाद हुआ तो उस समय भारत के पास अपना कोई संविधान नहीं था।लेकिन बाद में काफी विचार-विमर्श के बाद डॉ. बीआर अंबेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया और भारतीय संविधान का मसौदा तैयार किया गया। भारतीय संविधान के इस मसौदे को विधान परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया गया और 26 नवंबर 1949 में इसे अपनाया गया, लेकिन 26 जनवरी 1950 में इसे प्रभावी रूप से लागू किया गया। इस अवसर पर पब्लिक राइट एसोसिएशन जिला अध्यक्ष सरताज अहमद. जिला सचिव शाह आलम. मीडिया प्रभारी पत्रकार दानिश इकबाल. अजीम मोहद यूसुफ. जियालाल गुप्ता अलाउद्दीन भोनू. इम्तेयाज अहमद. हाफिज सरिया, अब्दुल मजीद,रहमान अंसारी. जावेद अंसारी. साहिल अंसारी. अबू हम्जा, इस्माइल स्क. वहाब अंसार. बेलाल, सैफ.आदि मौजुद रहे।

















